SURYA
FOUNDATION

# Personality Development Camp

मस्ती की पाठशाला







सब से पहले हमारे तरुणों को मजबूत बनना चाहिए।
धर्म इसके बाद की वस्तु है। मेरे तरुण मित्रों!
शक्तिशाली बनो, मेरी तुम्हें यही सलाह है।
तुम गीता के अध्ययन की अपेक्षा फुटबाल के द्वारा ही
स्वर्ग के अधिक समीप पहुँच सकोगे। तुम्हारे स्नायु और
मांसेपशियाँ अधिक मजबूत होने पर तुम गीता अधिक
अच्छी तरह समझ सकोगे। तुम, अपने शरीर में
शक्तिशाली रक्त प्रवाहित होने पर,
श्रीकृष्ण के तेजस्वी गुणों और उनकी अपार
शक्ति को अधिक समझ सकोगे।
अपने स्नायु शक्तिशाली बनाओ।
हम लोहे की मांसपेशियाँ और फौलाद के स्नायु चाहते हैं।
हम बहुत रो चुके - अब और अधिक न रोओ,
वरन् अपने पैरों पर खड़े होओ और मनुष्य बनो।

-स्वामी विवेकानंद




स्वामी विवेकानन्द, रविन्द्रनाथ टैगौर और महर्षि अरविन्द के विचारों से प्रेरित होकर श्री जयप्रकाश जी ने 1992 में सूर्या फाउण्डेशन की स्थापना हुई । दिल्ली हरियाणा बॉर्डर पर बसे झिंझौली गाँव में एक ट्रेनिंग सेंटर 'सूर्या साधना स्थली' का निर्माण हुआ और फिर आरम्भ हुआ देशहित, विकास और सामाजिक बदलाव से जुड़े अनेक प्रकल्पों का।

युवाओं के लिए "व्यक्तित्व विकास", घर-घर तक स्वास्थ्य जागरूकता पहुँचाने के लिए "इंटरनेशनल नेचुरोपैथी ऑर्गेनाइजेशन", देश के विकास से जुड़े अनेक विषयों को लेकर 21 "थिंक टैंक्स", शिक्षा के क्षेत्र में बदलावों के लिए "स्कूल भारती ऑर्गेनाइजेशन", गाँव के समुचित विकास के लिए "आदर्श गाँव योजना" जैसे अनेक प्रकल्प समाज के अनेक क्षेत्रों में पूरी प्रतिबद्धता और निष्ठा के साथ काम कर रहे हैं। इसी के साथ सूर्या फाउण्डेशन गुजरात एवं मध्य प्रदेश में **PPP** मॉडल पर वनवासी बालक-बालिकाओं के लिए सरकार के साथ मिलकर 2 आवासीय विद्यालयों का संचालन कर रहा है। इन क्षेत्रों में सूर्या फाउण्डेशन की पहल के प्रभावी एवं सुखद परिणाम सामने आने लगे हैं जो समाज को नई दिशा दिखा रहे हैं। सूर्या फाउण्डेशन के चेयरमैन श्री जयप्रकाश जी को भारत सरकार द्वारा वर्ष 2019 में पदमश्री से सम्मानित किया गया है।



**Character Building**

**Team Work & Leadership**

**Social Life Exposure**



# व्यक्तित्व विकास शिविर

फुटबाल के मैदान में जोश, खो-खो के दाँव-पेंच। अप्रैल, मई और जून के महीनों में आप किसी भी शाम को सूर्या फाउण्डेशन द्वारा आयोजित किसी भी व्यक्तित्व विकास शिविर में पहुँचिए तो यह दृश्य आपको दिखाई देगा। मस्ती की पाठशाला में अनुशासन और जबरदस्त मस्ती। बालक कहते हैं कि उनका दिन कैसे बीतता है उन्हें पता नहीं चलता। बालक सुबह जल्दी उठते हैं। सबके साथ बैठकर खाते हैं, स्वयं के व्यक्तित्व को संवारते हैं, निखारते हैं।

आज IIT, NDA, IMA जैसी मुश्किल प्रतियोगिताओं में select होने वाले कई भैया-बहिन इसका श्रेय सूर्या फाउण्डेशन की शानदार ट्रेनिंग को दे रहे हैं।

10 दिनों की ट्रेनिंग के बाद बालकों को खुद आश्चर्य होता है कि वे इतनी क्षमता कैसे विकसित कर पाते हैं। माता-पिता खुश हैं कि 10 दिनों में ही उनके बच्चों में बहुत परिवर्तन हो गया है। जहाँ एक ओर हमारा व्यवहार कैसा हो, हम मजबूत बने, हम स्वस्थ कैसे रहें, हमारा सुलेख कैसे अच्छा हो आदि महत्वपूर्ण बातें सिखाई जाती हैं। दूसरी ओर मार्शल आर्ट और फौजी ट्रेनिंग भी शिविर का हिस्सा हैं। साथ ही सड़क, बिजली, आग से सुरक्षा भी सिखाई जाती है। 'योग भगाये रोग' को ध्यान में रखकर योग और मेडिटेशन का अभ्यास भी कराया जाता है।

कहानियों के माध्यम से मैनेजमेंट की बहुत सी बातें ये बालक अपने में उतारते हैं। Self Learning Process द्वारा उन्हें सीखने में आनंद आता है। खेल-खेल में अच्छी आदतें, अच्छी बातें उनके जीवन, उनके व्यक्तित्व में अपने-आप उतरती जाती हैं। झिंझोली साधना स्थली की ट्रेनिंग हर युवा तक पहुँचे इसीलिए तरुणों के लिए व्यक्तित्व विकास शिविरों का आयोजन शुरू हुआ। यह प्रयोग भी सफलता की दहलीज पर आ खड़ा है। पिछले 20 वर्षों में देशभर में लगने वाले अनेक शिविरों में लाखों बालकों की ट्रेनिंग खुद सफलता की एक कहानी है।



**More than 600 Camps**

**22 States**

**More than 2 Lakh Youth**












सूर्या के व्यक्तित्व विकास शिविर से आने के बाद मेरी बेटी संस्कृति में जिम्मेदारी का भाव आया। अपने परिवार और साथियों के प्रति संवेदनशीलता बढ़ी है। भोजन से पहले चाहे वो स्कूल में ही क्यों ना हो भोजन मंत्र करना कभी नहीं भूलती। उसकी देश और समाज के प्रति बढ़ी जिम्मेदारी से हम बहुत खुश और संतुष्ट महसूस करते हैं।

मधुमिता देशवाल
**अभिभावक**





I went to my first PDC organized by the Surya foundation when I was 11 years old and last when I was 23. The connections I made there are so solid that they have lasted for more than a decade. These camps offer exposure to karate, yoga, meditation, horse riding, discipline, general camaraderie, sports and so much more. Now living in a city I know for sure that it was impossible to gain all these experience all on my own or from schools. Its very fair to say I will not be the person I am without the experience of these camps.

**Priya singh**
Life coach



सूर्या फाउंडेशन द्वारा आयोजित 15 दिन के व्यक्तित्व विकास शिविर में मेरी जीवन में अभूतपूर्व परिवर्तन किए शिविर के बाद मैं ज्यादा आत्मविश्वास के साथ काम करने लगा मुझे लगता है कि मैं ज्यादा मेहनत कर पाता हूँ और सबसे बड़ी बात कि मुझ में एक टीम के रूप में काम करने की आदत बनी है

**सिद्धार्थ निगम, अभिनेता**


PROTECT
OUR
OCEANS

सूर्या फाउण्डेशन का शिविर करने के बाद जो मेरे भीतर सबसे बड़ा बदलाव आया है वह है हर स्थिति में सकारात्मकता खोजना। शिविर के बाद मेरा स्वयं पर विश्वास और भी दृढ़ हुआ है।

प्रिया तोमर
शिविरार्थी, उत्तराखण्ड

मैंने लम्बा समय सूर्या फाउण्डेशन के शिविरों में शिविरार्थी और ट्रेनर के नाते व्यतीत किया। यह समय मेरे लिए जीवन में बड़े बदलाव का समय था। मैंने अपने भीतर आत्मविश्वास, टीम वर्क, लीडरशिप एवं समन्वय की भावना जैसे गुण विकसित किये। मैं इस समय आस्ट्रेलिया में हूँ। परिस्थितियों के साथ समन्वय और अटूट मेहनत जैसे गुणों के कारण मैं यहाँ सफलता के साथ अपने कार्य में संलग्न हूँ। यह सब कुछ सूर्या फाउण्डेशन के उन व्यक्तित्व विकास शिविरों के कारण ही संभव हो पाया।

कुशल
सी.ए., ऑस्ट्रेलिया

सेवा भारती इन्दौर द्वारा सेवा बस्ती के चयनति 90 बच्चों को सूर्या फाउण्डेशन द्वारा दिया गया जीवनोपयोगी प्रशिक्षण उन बच्चों के जीवन को नई दिशा तो देगा ही साथ ही साथ सेवा भारती एवं शेष समाज में भी उत्साह को नवीन स्फुरणप्रदायी सिद्ध हुआ है।
आपकी टीम द्वारा अथक मेहनत व दूरदर्शिता के साथ दिया गया प्रबोधन सेवा बस्ती के वंचित वर्ग के बच्चों को मुख्यधारा में लाने के सेवा भारती के प्रयत्नों में उत्प्रेरक का कार्य करेगा।

विनोद बिड़ला, सेवा भारती इंदौर
आयोजक

अनुभव की कसौटी पर...



# What We Offer

## 3 days
## Hobby Development Camp

- Sports
- Crafting
- Drawing
- Dance
- Karate
- Handwriting
- Horse Riding
- Yog
- Meditation
- Naturopathy

## 10 days
## Personality Development Camp

HDC's Course +

- Physical training
- Self defence
- Sports
- Shooting
- Know your country
- Career counseling
- Management classes
- Skill development


**Surya Foundation**

*B-3/330, Paschim Vihar New Delhi-110063*

*Phone: 011-2525 3681 | Email: info@suryafoundation.org | www.suryafoundation.org*

suryafoundation1 surya_foundation suryafnd suryafoundation surya_fnd